पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने राजभवन में अनार का पौधा रोपित किया

लखनऊः 28 अगस्त, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक ने आज गो ग्रीन सेव अर्थ फाउन्डेशन एवं हमराह फाउन्डेशन द्वारा आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में राजभवन उद्यान में अनार का पौधा रोपित किया। इस अवसर पर गो ग्रीन सेव अर्थ फाउन्डेशन एवं हमराह फाउन्डेशन के अध्यक्ष ने भी पौधा रोपित किया। राज्यपाल ने राजभवन उद्यान में कार्यरत वरिष्ठतम दैनिक वेतन भोगी महिला श्रमिक श्रीमती रामकली से भी पौंधा रोपित कराकर उनका सम्मान किया । इस वृक्षारोपण कार्यक्रम में प्रमुख सचिव राज्यपाल सुश्री जूथिका पाटणकर, सचिव राज्यपाल श्री चन्द्र प्रकाश, धन्वंतरि वाटिका के प्रभारी श्री शिवशंकर त्रिपाठी सहित गो ग्रीन सेव अर्थ फाउन्डेशन एवं हमराह फाउन्डेशन के पदाधिकारी व राजभवन के सभी अधिकारीगण भी उपस्थित थे।